समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Tuesday, 22 September 2026

# ट्रंप की टैरिफ धमकियों के बीच सहमा रुपया, डॉलर के मुकाबले 21 पैसे टूटा।

Publisher

Published on 14 Jul 2025



**वैश्विक तनाव और डॉलर की मजबूती से रुपये पर पड़ा दबाव, निवेशकों की चिंता बढ़ी।**

**नई दिल्ली, 14 जुलाई 2025 (सोमवार):** अमेरिकी राष्ट्रपति **डोनाल्ड ट्रंप** द्वारा विभिन्न देशों पर **30% टैरिफ** लगाने की चेतावनियों के बीच **भारतीय रुपये** पर दबाव और गहरा गया है। सोमवार को सप्ताह की शुरुआत में ही रुपया **21 पैसे टूटकर डॉलर के मुकाबले 86.02** पर आ गया, जिससे निवेशकों की चिंता और बढ़ गई है।

**डॉलर के मुकाबले कमजोर हुआ रुपया**

१. **विदेशी मुद्रा डीलरों के मुताबिक, अमेरिकी टैरिफ नीति को लेकर अनिश्चितता और विदेशी पूंजी की निकासी ने रुपये को कमजोर किया।**
२. **आज की ओपनिंग :** रुपया 17 पैसे नीचे गिरकर 86.02 पर खुला
३. **पिछला बंद स्तर :** शुक्रवार को रुपया 85.80 पर बंद हुआ था
४. **इंटरबैंकिंग मार्केट :** शुरुआती आंकड़ों में रुपया 85.96 पर कारोबार करता दिखा

इस दौरान **डॉलर इंडेक्स**, जो छह प्रमुख **वैश्विक मुद्राओं** के मुकाबले डॉलर की स्थिति दर्शाता है, **0.08% बढ़कर 97.93** पर पहुंच गया। शुक्रवार को यह 97.85 पर बंद हुआ था।

**घरेलू शेयर बाजार भी दबाव मे**

१. **अर्थव्यवस्था मे अनिश्चितता का असर केवल करेंसी तक सीमित नहीं रहा। घरेलू शेयर बाजारों ने भी कमजोर शुरुआत की:**
२. **सेसेंक्स शुरुआती कारोबार मे 295.37 अंक लुढ़ककर 82,205.10 पर आ गया**

३. **निफ्टी 50 भी 71.40 अंक गिरकर 25,078.45 पर पहुंच गया**

### ब्रेटं क्रूड और एफआईआई की स्थिति

**ब्रेटं क्रूड मे भी गिरावट देखी गई, जो 0.19% गिरकर 70.02 डॉलर प्रति बैरल पर आ गया।**
वहीं **विदेशी संस्थागत निवेशक** (FII) शुक्रवार को बाजार में बिकवाल रहे और **5,104.22 करोड़ रुपये** के शेयरों की बिक्री की।

### ट्रंप की धमकी और वैश्विक प्रतिक्रिया

गौरतलब है कि अमेरिकी राष्ट्रपति **डोनाल्ड ट्रंप** ने 12 जुलाई को **EU प्रमुख उर्सुला वॉन डेर लेयन** और **मैक्सिको की राष्ट्रपति क्लाउडिया शेनबॉम** को चेतावनी दी थी कि अगर व्यापार नीति में बदलाव नहीं हुआ, तो **1 अगस्त से 30% टैरिफ** लागू किया जाएगा। इस धमकी ने वैश्विक व्यापार परिदृश्य में बेचैनी पैदा कर दी है।

ऐसी ही देश और दुनिया की बड़ी खबरों के लिए फॉलो करें: www.samacharwani.com

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Publisher, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.